# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
## राष्ट्रीय मुख्यालय

पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16 महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली - 110002

वेबसाइट : www.bsgindia.org    ईमेल आईडी : info@bsgindia.org    दूरभाष : +91-11-23370724,23378667

प्रति,

समस्त राज्य सचिव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ

भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 54 / 2020

दिनांक : 01 मई, 2020

**विषय :- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा ''मास्क बैंक'' का निर्माण।**

**महोदय/महोदया,**

जैसा कि आप सभी जानते है कि देश में प्रचलित कोविड-19 महामारी के कारण, कोरोनावायरस बीमारी से निपटने हेतु एक निवारक उपाय के रुप में भारत सरकार द्वारा सभी नागरिकों को मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है।

राष्ट्रीय योजना समिति ने 30 अप्रैल, 2020 को आयोजित अपनी ऑनलाइन आभासी बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स सभी युवा संगठनों और स्वयं सहायता समूहों को आमंत्रित कर एक राष्ट्रीय काल के रुप में "मास्क बैंक" की पहल करेगा। योजना समिति ने निर्णय लिया है कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का प्रत्येक सदस्य कम से कम 10 (दस) मास्क तैयार करेगा और राज्य, जिला अथवा स्थानीय स्तर पर स्थापित किये गये "मास्क बैंक" में दान करेगा, मास्क बैंक उन्हें सम्बन्धित राज्य/जिला/स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध करायेंगे।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का यह अभिनव निर्णय राज्य/जिला और स्थानीय प्रशासन एवं भारत सरकार को राष्ट्रीय संकट की इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान कोविड-19 महामारी का मुकावला करने हेतु "मास्क" उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान करेगा।

राज्य संघो से अनुरोध है कि वे अपने सम्बन्धित राज्य, जिला एवं स्थानीय संस्था में तुरन्त "मास्क बैंक" स्थापित करें तथा इस सम्बन्ध में सरकार हेतु भविष्य के लिए मास्क प्राप्ति एवं प्रेषण का रिकार्ड बनाए रखने हेतु एक जिम्मेदार लीडर को नामित करें।

कृपया इसे "राष्ट्रीय प्राथमिकता" के रुप में लेते हुए मास्क निर्माण के कार्य को चुनौतीपूर्ण तरीके से प्रारम्भ करें। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की पहल एवं हमारे संगठन का योगदान देश में कोविड-19 से लड़ने हेतु सरकार का सहयोग करने में एक लम्बा रास्ता तय करेगा।

अनुपालनार्थ इसे सभी सम्बन्धितों को सूचित करने की कृपा करें।

धन्यवाद,

**भवदीय**

**(राज कुमार कौशिक)**
**निदेशक**

**प्रतिलिपि :-**

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016.
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी-15, सेक्टर-62, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201309.
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।